# श्रद्धालुओं के लिए परिवहन विभाग ने शुरू की फ्री बस सेवा




**पटना ( आससे )।** गुरूगोविंद सिंह महाराज के 352 वें प्रकाश पर्व पर परिवहन विभाग की ओर से फ्री बस सेवा की शुरुआत की गई है। परिवहन विभाग द्वारा गुरू के दरबार से लेकर पटना के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों की फ्री में बस से सैर कराया जा रहा है। गुरूद्वारा और हांडी साहब गुरूद्वारा जाने के लिए चिन्हित पार्किंग स्थल से बसों का आवागमन हो रहा है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, टेंट सिटी से विभिन्न मार्गों में बसें चलाई जा रही है। परिवहन विभाग सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि पटना में परिवहन विभाग करीब 50 बसें श्रद्धालुओं के लगा रखे हैं जिसमें 15 बसें विभिन्न मार्गों के लिए समर्पित है। सभी बसों में श्रद्धालुओं की फ्री सेवा दी जा रही है। हांडी साहब गुरूद्वारा से लेकर अन्य जगहों पर फ्री बस सेवा शुरू की गई है। देश-विदेश से पटना पहुंचे सिख श्रद्धालु बिहार सरकार की मेहमाननवाजी से गदगद हैं। पंजाबी श्रद्धालुओं ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा जो सुविधाएं दी गई है इससे हमलोग काफी खुश हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की सेवा में बसों का परिचालन किया जा रहा है। हांडी साहब से गुरुद्वारा, गाय घाट, गुरू के बाग से अन्य जगहों पर आने-जाने के लिए फ्री में बस की सेवा दी जा रही है।